आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.12.2024
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के बेहतर आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं की प्रत्येक दिन समीक्षा की जाएगी।
- राज्य में जरूरतमंद लोगों तक समय पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की सुविधा पहुंचाने के लिए एस०ओ०पी तैयार करने के निर्देश।
- आई०ए०एस अधिकारी संजय मल्होत्रा भारतीय रिज़र्व बैंक के अगले गवर्नर होंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा –– राज्य में आयुष निर्माण, वेलनेस, शिक्षा और कृषि क्षेत्र को नई दिशा और गति प्रदान की जा रही है।

राष्ट्रीय खेल–समीक्षा

राष्ट्रीय खेलों के बेहतर आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं की प्रत्येक दिन समीक्षा की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक विभाग से एक नोडल अधिकारी की तैनाती भी की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। देहरादून के राजीव गांधी अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम में कल राष्ट्रीय खेल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड को खेल भूमि के रूप में भी स्थापित करेंगे। उन्होंने आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था, खान–पान, परिवहन और आयोजन स्थल तक पहुंचने की सभी सुविधाओं का प्रबंधन और निगरानी की समुचित व्यवस्था करने को भी कहा।

एस०ओ०पी

राज्य में जरूरतमंद लोगों तक समय पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की सुविधा पहुंचाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया–एस०ओ०पी तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी मृतक का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, तो उस व्यक्ति के दाह संस्कार की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी।

## पूर्वाभ्यास

उत्तराखण्ड पुलिस में पुलिस आरक्षी, पीएससी सहित आर.आर.बी भर्ती परीक्षा 2024 की तैयारी के लिए चम्पावत पुलिस युवाओं के लिए भर्ती तैयारी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक  अजय गणपति ने बताया कि पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में भर्ती के दौरान होने वाली विभिन्न शारीरिक दक्षता परीक्षाओं और लिखित परीक्षा का पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। दो पालियों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के युवा हिस्सा ले रहे हैं।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन–2024

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 11 तारीख को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन–2024 के ग्रैंड फिनाले में युवा इनोवेटर्स से बातचीत करेंगे। ग्रैंड फिनाले में एक हजार तीन सौ से अधिक छात्रों की टीम भाग लेंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

## आर.बी.आई नये गवर्नर की नियुक्ति

संजय मल्होत्रा, भारतीय रिजर्व बैंक के अगले गवर्नर होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। उन्हें इस महीने की 11 तारीख से तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। 1990 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी श्री मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे। 33 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने बिजली, वित्त और कराधान, सूचना प्रौद्योगिकी और खान सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता के साथ कार्य किया है। उन्हें राज्य और केंद्र सरकार में वित्त और कराधान का व्यापक अनुभव है। वर्तमान में वह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के संबंध में कर नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## कर्टेन रेजर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में आयुष नीति के तहत आयुष निर्माण, वेलनेस, शिक्षा और कृषि क्षेत्र को नई दिशा और गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देहरादून में आयोजित होने वाली वैश्विक आयुर्वेद कांग्रेस राज्य को आयुर्वेद के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में दसवें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के कर्टेन रेजर और प्रोग्राम गाइड का विमोचन करते हुए कहा कि उत्तराखंड की जलवायु औषधीय पौधों के लिए बेहद अनुकूल है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद का उत्तराखंड, हिमालय और वनों से गहरा संबंध है, जो राज्य को इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में 58 देशों के 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल होंगे। साथ ही, देश भर के छह हजार पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि और लगभग 2 लाख आगंतुक भाग लेंगे। यह सम्मेलन ज्ञान, सहयोग और नवाचार का एक अनूठा मंच बनेगा।

इस आयोजन से आयुर्वेद के लाभों और इसे आधुनिक तकनीक के साथ एकीकृत करने की दिशा में जागरूकता फैलने की उम्मीद है। साथ ही, यह सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में ज्ञान साझा करने, शोध में सहयोग और व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगा।

मौसम

प्रदेश के पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में रात का तापमान शून्य डिग्री से नीचे चला गया है। वहीं मैदानी क्षेत्रों में भी ठंड में बढोतरी दर्ज की गई है। साथ ही मैदानी इलाकों में कुछ हिस्सों में आज सुबह के समय धुंध छाई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। हालांकि पर्वतीय हिस्सों में शीतलहर चलने की संभावना है।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर––

आर.बी.आई के नए गवर्नर की नियुक्ति की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा होंगे आर.बी.आई के 26वें गवर्नर।

जरूरतमंदों को एम्बुलेंस की सुविधा देने के लिए बनेगी एस.ओ.पी। इस शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स लिखता है कि उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने एस.ओ.पी बनाने की जिम्मेदारी जिलाधिकारियों को सौंपी है।

बर्फबारी के बाद शीतलहर। बर्फबारी की तस्वीरों के साथ इस ख़बर को अपने पहले पृष्ठ पर स्थान देते हुए हिंदुस्तान समाचार ने लिखा है– मौसम में बदलाव से ठिठुरे पहाड़ और मैदान, प्रदेशभर के तापमान में दर्ज की गई गिरावट। दून में सर्द हवांए, मसूरी में 25 वर्ष बाद दिसंबर के शुरू में पड़ी बर्फ। इसी ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है – मसूरी और चकराता में सीजन की पहली बर्फबारी।

आई.एम.ए पी.ओ.पी के दौरान ट्रैफिक रूट डायवर्ट रहेगा। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– आज से 14 दिसंबर तक सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक।

धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। इस ख़बर पर अमर उजाला लिखता है –– पश्चिम बंगाल में ओबीसी दर्जा देने के मामले में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने की टिप्पणी।

ग्रामीण क्षेत्रों में होम स्टे के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी नीति, इस समाचार को दैनिक जागरण ने अपने पहले पृष्ठ पर प्रमुखता से स्थान देकर लिखा है– नीति आयोग की टीम उत्तराखंड सहित चार राज्यों की होम स्टे नीति का कर रही है अध्ययन।

नेशनल गेम्स की ख़बर पर अमर उजाला का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से शीर्षक है– ग्रीन गेम्स होगी राष्ट्रीय खेलों की थीम।